राजनीति | कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष और जिला कांग्रेस प्रभारी ने बैठक ली

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों से वन-टू-वन चर्चा



नवभारत, कटनी। कांग्रेस के ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष और पूर्व विधाायक सौरभ सिंह ने ब्लाक अध्यक्षों की बैठक लेकर आगामी चुनाव को ध्यान में रखते हुए समीक्षा करते की है। ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कहा। उन्होने आगामी चुनाव को लेकर रणनीति तैयार कर मौजूदा स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह, जिला कांग्रेस प्रभारी मनु मिश्रा की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में जिले के सभी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक के दौरान ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने आगामी नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव को लेकर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों से वन टू वन चर्चा करते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने की बात करते हुए पार्टी में युवाओं को जोड़ते हुए पार्टी की रीति नीति से अवगत कराने की बात कही। वहीं इस मौके पर कांग्रेस जिला प्रभारी मनु मिश्रा ने कहा संगठन की शक्ति से किसी भी चुनाव को जीता जा सकता है, जिसके लिए पार्टी को जमीनी स्तर और अधिक मजबूत करने के प्रयास करने होंगे। जमीनी स्तर पर जब पार्टी का संगठन मजबूत होगा तभी तब ही कोई चुनौती से निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज आम नागरिक भाजपा जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हो गया है और कांग्रेस के प्रति आशा भरी निगाहों से देख रहा है। ऐसे में पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का जिम्मा प्रत्येक कार्यकर्ताओं का है। बैठक के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिले की मुड़वारा,बड़वारा, विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा करते हुए आगामी चुनाव की रणनीति पर विचार विमर्श किया। इस मौके पर जिला प्रभारी मनु मिश्रा, पूर्व विधायक बसंत सिंह, विधानसभा प्रभारी दुर्गेश पटेल, ओंकार सिंह, राजेश चौबे, मयंक त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सैनी, संतोष पटेल, नदीम महमद, चिंतामन तिवारी, आनंद मिश्रा, विकास निगम, रमाकांत दुबे, रवींद्र सिंह छोटू, सुशील जैसवाल, शरद द्विवेदी, मोहित शर्मा, विधानसभा प्रत्याशी नीरज सिंह बघेल, रानू कुंदरहा जितेंद्र सिंह, समर सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आरक्षक, एएसआई निलंबित

नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना क्षेत्र के हिरवारा कौड़िया गांव निवासी श्रमिक अविनाश प्रजापति की शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद एक आरक्षक और एक सहायक उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड पुलिस चौकी में पदस्थ अनमोल कुमार और कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक बाल गोविंद प्रजापति द्वारा बिना किसी प्राथमिक जांच में पता चला कि बगैर वैधानिक प्रक्रिया का पालन किए संबंधित श्रमिक को चौकी में रोका गया, उसके साथ मारपीट की गई। प्रकरण में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा प्रकरण में गंभीर असंवेदनशील व्यवहार, पद का दुरुपयोग, आमजन के प्रति अनुचित आचरण प्रदर्शित होने पर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा आरक्षक अनमोल कुमार और कार्यवाहक सहायक उपनिरीक्षक बाल गोविंद प्रजापति तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोनों का मुख्यालय रक्षित केन्द्र किया गया है। प्रकरण की निष्पक्ष जांच के लिए सीएसपी को प्राथमिक जांच सौंपी गई है ।

कुत्तों के भौकने से भागे दुकान में चोरी करने आए चोर

रंगनाथ थाना क्षेत्र की मोबाइल दुकान में चोरी का प्रयास



नवभारत, कटनी। रंगनाथ थाना अंतर्गत बरगवां में शुक्रवार सुबह अज्ञात चोरों ने एक मोबाइल दुकान में चोरी का प्रयास किया। हालांकि चोर चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दे सके। कुत्तों के भौकने की आवाज से चोर बगैर चोरी किए गए ही वहां से भाग निकले। चोरी के प्रयास की इस घटना ने एक बार फिर पुलिस की गश्त व्यवस्था की पोल खोल दी है। जानकारी के अनुसार बरगवां मुख्य मार्ग पर स्थित माय मोबाइल मार्ट में चोरों ने धावा बोला था। शटर तोड़ने के दौरान कुत्तों के शोर से घबराकर चोर मौके से फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यदि कुत्ते सक्रिय नहीं होते, तो बड़ी वारदात हो सकती थी। व्यापारियों ने पुलिस सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए 11 मई को कोतवाली क्षेत्र की मोबाइल दुकान से चोरों ने लाखों रुपए के मोबाइल फोन चोरी किए थे। पुलिस के पास फुटेज होने के बावजूद अब तक आरोपी गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। व्यापारिक संगठनों ने आरोप लगाया है कि मुख्य बाजारों में पुलिस की रात्रि गश्त प्रभावी नहीं है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि चोरी की वारदातों पर अंकुश नहीं लगा और गश्त व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

फिलहाल पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की खोज की जा रही है। पुलिस का दावा है कि शहर में प्रभावी पुलिस गश्त की जा रही है, लेकिन लगातार हो रही चोरी की वारदातों से पुलिस के प्रभावी गश्त व्यवस्था के दावों की पोल खोल रही है। यहां तक की कॉबिंग गश्त वाली रात तक चोरी की वारदात हुई है।

एक नजर में



दुर्गा बाई चौबे पंचतत्व में विलीन, गांव शोक

नवभारत, उमरियापान। ग्राम लीटी निवासी श्रीमती दुर्गा बाई चौबे का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। बताया गया कि कमर की नस में गंभीर समस्या आ जाने के कारण वे पिछले लगभग 6 वर्षों से बिस्तर पर रहकर जीवन संघर्ष कर रही थीं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने धैर्य और साहस के साथ अपना जीवन व्यतीत किया। परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार दुर्गा बाई चौबे सरल स्वभाव, धार्मिक विचारों और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही रिश्तेदारों, शुभचिंतकों और ग्रामीणों का उनके निवास पर तांता लग गया। सभी ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार में दो बेटे, दो बेटियां, तीन नाती, एक नातिन हैं। परिवारजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार के दौरान काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी गई। ग्रामीणों ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख को सहन करने की प्रार्थना की।

देखी शारीरिक फिटनेस, किया पिस्टल चलाने का अभ्यास

पुलिस लाइन ग्राउंड में जनरल परेड का किया गया आयोजन



नवभारत, कटनी। पुलिस लाइन में शुक्रवार शाम को जनरल परेड और हथियार चलाने का अभ्यास किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने परेड की सलामी ली। परेड के दौरान एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की वर्दी, शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और कदमताल का बारीकी से मुआयना किया। शहर के थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों ने कदमताल और स्कॉट ड्रिल का अभ्यास किया। अच्छा प्रदर्शन करने वालों की तारीफ की गई, वहीं जिन कर्मचारियों में कमी दिखी, उन्हें सुधार करने को कहा गया। परेड के बीच एसपी ने पुलिसकर्मियों को 30 सेकंड के अंदर हथियार को खोलने और फिर से जोड़ने का टास्क दिया। एसपी ने कहा कि निर्धारित समय पर ये कार्य करने पर पांच हजार रुपए का नगद इनाम दिया जाएगा। पुलिस बल का उत्साह बढ़ाने के लिए एसपी ने खुद उदाहरण पेश किया। उन्होंने 9 एमएम पिस्टल को महज 23 सेकंड में खोलकर और वापस जोड़कर दिखाया। उनकी इस फुर्ती को देख वहां मौजूद पुलिसकर्मियों में जोश भर गया। परेड और हथियारों के अभ्यास के बाद पुलिस वाहनों की हालत जांची गई।

15 से अधिक अवैध अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुल्डोजर

मदन मोहन चौबे वार्ड में की गई कार्रवाई



नवभारत,कटनी। नगर निगम ने शहर में आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम की अतिक्रमण टीम द्वारा मदन मोहन चौबे वार्ड अंतर्गत सागर पुलिया से लक्ष्मी पान भंडार तक मार्ग के दाहिने ओर सार्वजनिक भूमि, नाले-नालियों पर किए गए लगभग 15 से अधिक अवैध स्थायी निर्माणों को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाया गया। अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने बताया कि निगम प्रशासन की इस कार्रवाई से आवागमन व्यवस्था अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेगी। विशेष रूप से मुड़वारा रेलवे स्टेशन, कटनी साउथ स्टेशन की ओर आवागमन करने वाले यात्रियों, आम नागरिकों को मार्ग में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। लंबे समय से सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अवैध निर्माणों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा था, जिससे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसके साथ ही सार्वजनिक नाले - नालियों से अतिक्रमण हटाने के कारण सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। जल निकासी सुचारू रूप से हो सकेगी।

आगामी वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए यह कार्रवाई जलभराव की समस्या के प्रभावी निराकरण की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। नगर निगम प्रशासन का मानना है कि सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने से न सिर्फ यातायात व्यवस्था बेहतर होती है, बल्कि शहर की स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं में भी सुधार देखने को मिलता है। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा है कि सार्वजनिक सड़कों, नालों में अतिक्रमण करने पर कार्रवाई की जाएगी।

जलभराव रोकने अभियान, कराई जा रही नाले-नालियों की सफाई

नगर निगम ने शहर के कई वार्डों में चलाया अभियान



नवभारत, कटनी। बारिश के मौसम के मद्देनजर नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने और जलभराव रोकने के लिए लगातार अभियान चलाकर नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है। शहर के वार्डों में नाले-नालियों की नियमित सफाई कराकर मलवा निकवाया जा रहा है। ताकि बारिश के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति नहीं बने। नगर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय स्कूल के सामने स्थित नाले सहित विभिन्न वार्डों में नाले-नालियों की सफाई कर जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए गए। अभियान के दौरान तिलक वार्ड, बिरसा मुंडा वार्ड, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, जयप्रकाश वार्ड, जगमोहन दास वार्ड, बाबू जगजीवन राम वार्ड, रघुनाथगंज वार्ड, रफी अहमद किदवई वार्ड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, वंशस्वरूप वार्ड, मदन मोहन चौबे वार्ड, सीएलपी वार्ड, फारेस्टर वार्ड, बाबा नारायण शाह वार्ड, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड, रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड और हेमू कालाणी वार्ड सहित शहर के कई क्षेत्रों में मशीनों और सफाई कर्मियों के माध्यम से सफाई कार्य कराया गया है। अभियान के तहत बड़े नालों की विशेष सफाई कराकर कचरे को हटाने का कार्य किया जा रहा है। नालियों की सफाई के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। नगर निगम का उद्देश्य बारिश के मौसम में शहर को जलभराव की समस्या से बचाना है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि मानसून पूर्व तैयारियों के अंतर्गत यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

शहर के सभी वार्डों में चरणबद्ध रूप से नाले-नालियों की सफाई कराई जा रही है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे कचरा नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर न फेंके, स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं



भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर जोर

नवभारत, कटनी। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल के आगमन पर भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष और जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के नेतृत्व में की गई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल का स्वागत किया गया। बैठक में संगठन बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता, पिछड़ा वर्ग समाज के बीच जनसंपर्क अभियान, केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी भी उपस्थित रहे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सिर्फ एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य करे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनुशासन, समर्पण और लगातार जनसंपर्क को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और एकजुटता से ही संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। उनके संबोधन के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने संगठन हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। प्रदेश उपाध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि कटनी जिले में पिछड़ा वर्ग मोर्चा लगातार मजबूत हो रहा है और कार्यकर्ताओं में जोश और सक्रियता दिखाई दे रही है। वह संगठन के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कहा। बैठक में राकेश यादव, उपाध्यक्ष देवेंद्र सोनी, उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, उपाध्यक्ष प्रशांत मालवी, जिला मंत्री सुनील विश्वकर्मा, कार्यालय मंत्री अमित साहू, सोशल मीडिया प्रभारी राहुल सराफ, मीडिया प्रभारी मुन्नालाल यादव, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवराज विश्वकर्मा, अभय विश्वकर्मा, रामचंद चौधरी, गोरखनाथ पटेल सहित कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

राजा चौरसिया और बसंत व्यौहार बने समिति सदस्य

जिला अध्यक्ष की अनुशंसा पर की गई नियुक्ति



नवभारत, उमरियापान। भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी और विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह की अनुशंसा पर जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह द्वारा दो भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता राजा चौरसिया को स्कूल शिक्षा विभाग की जिलास्तरीय नियुक्ति समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है । यह समिति शिक्षा विभाग से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और नियुक्ति संबंधी कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वहीं भाजपा कार्यकर्ता राजेश व्यौहार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की जिला विकास, निगरानी समिति में सदस्य बनाया गया है। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि राजा चौरसिया और राजेश व्यौहार लंबे समय से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और समर्थकों ने प्रभारी मंत्री, जिला अध्यक्ष और विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व ने समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान कर संगठन को नई ऊर्जा देने का कार्य किया है।

बैखोफ बदमाशों ने हथियार अड़ाकर युवक से उसकी मोटरसाईकिल छीनी

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत पिपरौंध से जयंतीनगर जाने वाले मार्ग पर अज्ञात बदमाशों ने हथियार अड़ाकर एक युवक से उसकी मोटर साइकल छीन ली है। लूट की शिकायत पर युवक ने माधवनगर थाने में की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लुटेरों पर मामला दर्ज कर लिया है। लुटेरों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना अंतर्गत गैतरा गांव निवासी वीरेंद्र पिता बिहारी लाल पटैल (33 वर्ष) अपनी मोटरसाइकिल से पिपरौध से जयंती नगर मार्ग से गुजर रहे थे। इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे अज्ञात बदमाशों ने पीड़ित को रोक लिया। बदमाशों ने युवक को हथियार अड़ाकर डरा-धमकाकर उसकी मोटरसाइकिल छीन ली और जान से मारने की धमकी देकर मोटसाइकिल लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित वीरेंद्र पटेल किसी तरह माधवनगर थाने पहुंचा और पुलिस को आपबीती सुनाई। माधवनगर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है।

निरीक्षण | निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता को ध्यान में रखकर समय-सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

चौपाटी पहुंचीं महापौर, निर्माण स्थलों का किया निरीक्षण, व्यापारियों से भी की चर्चा



नवभारत, कटनी। शहर के बहुप्रतीक्षित चौपाटी निर्माण कार्य को गति देने और क्षेत्रीय व्यवस्थाओं का जायजा लेने महापौर प्रीति संजीव सूरी ने एमआईसी सदस्यों और निगम अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता, व्यवस्थाओं, स्थल की समग्र स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि चौपाटी निर्माण पूरा होने के बाद यह क्षेत्र शहरवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी अधिकारियों से ली और कार्य को और अधिक तेजी से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य के दौरान यातायात और आसपास की व्यवस्था भी सुचारू रूप से बनाए रखना आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने स्थल पर स्थित पुराने कुएं का भी अवलोकन किया। कुएं में पानी नहीं होने की स्थिति को देखते हुए उन्होंने उसकी साफ-सफाई कराकर उसे वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के रूप में विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए, ताकि वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। महापौर ने चौपाटी क्षेत्र में व्यवसाय करने वाले फूल-माला विक्रेताओं से भी चर्चा की और निर्माण कार्य के दौरान दुकानों को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने और कार्य में सहयोग करने के लिए किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र की व्यवस्था पहले से अधिक बेहतर और व्यवस्थित स्वरूप में विकसित की जाएंगी। इस दौरान एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद शकुंतला सोनी सहित नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

डाक घरों में आधार सेवाओं के लिए अभियान 25 से

नवभारत, कटनी। जबलपुर संभाग के अंतर्गत कटनी जिले के डाकघरों में आधार सेवाओं को लेकर 25 एवं 26 मई को विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नागरिकों को नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट और मोबाइल, ईमेल लिंक अपडेट जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। आधार सेवाओं का लाभ प्रदान करने के लिए 22 मई एवं 23 मई को टोकन वितरण किया जाएगा। निर्धारित तिथियों 25 और 26 मई को सभी आधार सेवा केंद्र सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे, जबकि प्रधान डाकघरों में स्थित आधार केंद्रों का समय सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा। इस अभियान के तहत 2 प्रधान डाकघर, 36 उपडाकघरों में आधार पंजीयन, अपडेशन की सुविधा दी जा रही है।

कटनी नदी के सीमांकन के लिए टीम गठित, एक सप्ताह में देनी होगी रिपोर्ट

नवभारत, कटनी। कटनी नदी के सीमांकन कराने के कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश के पर सीमांकन के लिए दो विशेष राजस्व दलों का गठन किया गया है। ये दल नगर निगम के सहयोग से मौके पर पहुंचकर नदी की वास्तविक सीमाओं का निर्धारण करेंगे और सीमा चिन्ह स्थापित कराएंगे। जारी आदेश के अनुसार सीमांकन कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए दो अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। दल क्रमांक-1 की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक श्रीमति विभा गर्ग को दी गई है, जिनके साथ पटवारी अमित कनकने, धर्मेन्द्र ताम्रकार, दादूराम पटेल, सुभाष गर्ग और राजेश दुबे दल में शामिल हैं। वहीं दल क्रमांक-2 का प्रभारी राजस्व निरीक्षक श्री ब्रजबिहारी दुबे को बनाया गया है। इस दल में पटवारी तुलाराम वर्मा, विनीत सिंह बघेल, संदीप गर्ग, नितेश पाण्डेय एवं विवेक बहरे को शामिल किया गया है। दोनों दल सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप में सीमांकन प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक और नक्शा ट्रेस तहसीलदार कटनी नगर के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करेंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमांकन रिपोर्ट के बाद यदि नदी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण पाया जाता है, तो संबंधितों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा। सीमाकंन को समय सीमा में करने के निर्देश दिए गए हैं।